# सीएमडी संवाद

2025 नव वर्ष की शुभकामनाएं



**राज कुमार चौधरी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

> "अपने दिल पर अंकित कर लें कि प्रत्येक दिन वर्ष का सबसे अच्छा दिन है''।
> — राल्फ वाल्डो एमर्सन

प्रिय एसजेवीएनाइट्स,

हम एक आशाओं से परिपूर्ण नए वर्ष में कदम रख रहे हैं और मैं आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। नए वर्ष की सुबह अपने साथ नवीन विचार, नई ऊर्जा और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के नए अवसर लेकर आई है।

एसजेवीएन की यात्रा में वर्ष 2024 एक उल्लेखनीय अध्याय के रूप में रहा है। यह उपलब्धियों का वर्ष रहा है, जिसने हमारी नींव को और सुदृढ़ किया और विद्युत क्षेत्र में हमारा रुतबा बढ़ाया है। सबसे बड़ी उपलब्धि 30 अगस्त 2024 को नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना है। यह एसजेवीएन के बेहतरीन वित्तीय निष्पादन, प्रबंधकीय दक्षता और त्वरित वृद्धि का प्रमाण है। एसजेवीएन को ग्रेट प्लेस टू वर्क, इंडिया द्वारा ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में भी प्रमाणित किया गया है और ऊर्जा, तेल और गैस क्षेत्र में 'बेस्ट–इन–क्लास–वर्कप्लेस' के रूप में मान्यता प्रदान की है। यह प्रतिष्ठित मान्यता उच्च–विश्वास, उच्च–निष्पादन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

हमारे लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण तब आया जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से हमारे चार विद्युत स्टेशन नामतः उत्तराखंड में 60 मेगावाट नैटवाड़ मोरी जल विद्युत स्टेशन, उत्तर प्रदेश में 75 मेगावाट परासन, 75 मेगावाट गुरहा तथा 50 मेगावाट गुजराई सौर विद्युत स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया। माननीय प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी, जिनमें हिमाचल प्रदेश में 382 मेगावाट सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना और 15 मेगावाट नंगल फ्लोटिंग सौर विद्युत परियोजना तथा असम में 70 मेगावाट सौर परियोजना शामिल हैं। ये परियोजनाएं वर्ष 2070 तक नेट–जीरो कार्बन उत्सर्जन के राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करने में भागीदारी निभाएगी।

वर्ष 2024 में हमारी उपलब्धियों में उत्तर प्रदेश में 50 मेगावाट गुजराई सौर विद्युत स्टेशन, गुजरात में 100 मेगावाट राघनेस्दा सौर विद्युत स्टेशन और मध्य प्रदेश में 90 मेगावाट ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर विदयुत स्टेशन की सफल कमीशनिंग शामिल है। हमने एनजेएचपीएस, झाकड़ी में भारत की पहली संयुक्त ताप एवं विद्युत ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना का भी उद्घाटन किया। यह परियोजना प्रतिदिन 14 किलोग्राम हरित हाइड्रोजन उत्पादन की क्षमता के साथ सतत ऊर्जा समाधानों के प्रति एसजेवीएन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

हमारे प्रचालनाधीन हाइड्रो पावर स्टेशनों ने रिकॉर्ड ऊर्जा उत्पादन हासिल किया है। ये बेंचमार्क हमारी टीमों के समर्पण और विशेषज्ञता को दर्शाते हैं, जो सर्वोच्च निष्पादन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 1500 मेगावाट एनजेएचपीएस ने 01 दिसम्बर,2024 को वितीय वर्ष 2024–25 के लिए 6612 मिलियन यूनिट की अपनी डिजाइन ऊर्जा हासिल की, जोकि विद्युत स्टेशन द्वारा दूसरा सबसे तीव्र डिजाइन ऊर्जा उत्पादन भी है। एनजेएचपीएस ने जुलाई 2024 में रिकॉर्ड 1222.170 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पादन करके अब तक का सबसे अधिक मासिक उत्पादन का रिकार्ड भी दर्ज किया। यह 2003–04 में विद्युत स्टेशन के कमीशन होने के पश्चात से अब तक का सबसे अधिक मासिक विदयुत उत्पादन है।

एनजेएचपीएस ने 39.572 मिलियन यूनिट का अब तक का सबसे अधिक सिंगल-डे ऊर्जा उत्पादन और 3450.980 मिलियन यूनिट का अब तक का सबसे अधिक तिमाही ऊर्जा उत्पादन का रिकार्ड भी दर्ज किया है।

412 मेगावाट रामपुर एचपीएस ने सितंबर माह में 292.331 मिलियन यूनिट का अब तक का सर्वाधिक मासिक ऊर्जा उत्पादन कर नया बेंचमार्क स्थापित किया है तथा 955.616 मिलियन यूनिट का अब तक का सर्वाधिक तिमाही उत्पादन भी किया है। विद्युत स्टेशन ने 11.0232 मिलियन यूनिट का अब तक का सर्वाधिक दैनिक उत्पादन का रिकार्ड भी हासिल किया है तथा कमीशनिंग के पश्चात से अब तक 20,000 मिलियन यूनिट के कुल ऊर्जा उत्पादन के माइलस्टोन को पार कर लिया है।

इसके अलावा, 60 मेगावाट एनएम एचपीएस ने दिनांक 11.11.2024 को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 265.5 मिलियन यूनिट की अपनी डिजाइन ऊर्जा हासिल कर ली है और 1.5878 मिलियन यूनिट का अपना उच्चतम सिंगल-डे ऊर्जा उत्पादन दर्ज का रिकार्ड भी किया है।

वित्तीय क्षेत्र में, एसजेवीएन ने 2,533.59 करोड़ के स्टैंडअलोन राजस्व और 908.40 करोड़ के कर पश्चात लाभ (पीएटी) के साथ बेहतरीन परिणाम दिए हैं। शेयरधारकों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 1.80 प्रति शेयर का लाभांश दिया गया, जो वैल्यू क्रिएशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही के दौरान, कई अन्य उपलब्धियां दर्ज की गई। हमारे पोर्टफोलियो में मिजोरम में 2400 मेगावाट दार्जो लुई पंप स्टोरेज परियोजना और राजस्थान में 5 गीगावाट पंप स्टोरेज परियोजनाओं और 2 गीगावाट फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं के विकास को आगे बढ़ाने के लिए राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा निगम लिमिटेड के साथ हुए समझौता ज्ञापन से महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है ।

एसजेवीएन का व्यवसाय के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी बहुत योगदान रहता है। इसी दिशा में हमने नेपाल के प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष में एनपीआर एक करोड़ का अनुदान देकर नेपाल सरकार के आपदा राहत प्रयासों में अपना सहयोग दिया है।

एसजेवीएन एमएसएमई के क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री के विजन का अनुपालन करता है। इसके अनुरूप, हमने एमएसएमई के साथ संबंधों को मजबूत करने और उद्यमशीलता विकास का समर्थन करने के लिए वेंडर डेवलपमेंट मीट के 22वें संस्करण का आयोजन किया। एसजेवीएन ने निवारक सतर्कता पर तीन माह के जागरूकता अभियान में भी सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने सभी प्रचालनों में नैतिकता, पारदर्शिता और सत्यानिष्ठा को बढ़ावा देते हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया।

अवार्ड और सम्मान हमारी मेहनत को दर्शाते हैं और हमें निरंतर सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित करते हैं। आईआईटीएफ 2024 के दौरान, माननीय केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री, श्री मनोहर लाल ने हमारे 412 मेगावाट रामपुर एचपीएस के वर्किंग मॉडल को इंजीनियरिंग और प्रचालन उत्कृष्टता को बखूबी जनता तक पहुंचाने के लिए सराहना की।

एसजेवीएन को स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्युत मंत्रालय द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार 2024 में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कंपनी ने एसएचआरएम इंडिया एचआर अवार्ड्स में एचआर उत्कृष्टता के लिए दो प्रतिष्ठित पुरस्कार भी जीते हैं, जो लोगों को प्राथमिकता प्रदान करने और भविष्य-केंद्रित वर्क कल्चर को बढ़ावा देने में हमारे विश्वास को दृढ़ता प्रदान करता है।

हिमाचल प्रदेश में विद्युत मंत्रालय के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान के लिए नोडल एजेंसी के रूप में, वर्ष 2024 में हमने राज्य के लगभग 4,800 स्कूलों के 2.10 लाख से अधिक विधार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की। इस प्रयास से एसजेवीएन ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2024 के दौरान 'राज्यवार नोडल अधिकारी प्रशंसा प्रमाण पत्र' प्राप्त किया है।

हम वर्ष 2025 की चुनौतियों और अवसरों का सामना करने के लिए तैयार हैं। मैं सभी एसजेवीएनाइटस का आह्वान करता हूं कि वे नव वर्ष के कैनवस को नव उपलब्धियों के रंग में रंगने के लिए तैयार रहें। हम सब मिलकर देश के ऊर्जा परि श्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए हरित और सततशील भविष्य में योगदान करते रहें।

एक बार पुनः, आपको और आपके परिवार को आनंदमय, स्वस्थ और समृद्ध नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं।

**राज कुमार चौधरी**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**




